1. महाभारत के रचयिता का नाम? **वेद व्यास**
2. महाभारत के लेखन का कार्य किसने किया? **गणेश जी ने**
3. महाभारत का मूल नाम क्या है? **जय संहिता**
4. विष्णु सहस्रनाम किस ग्रन्थ में है? **महाभारत**
5. भगवद् गीता किस ग्रंथ का एक भाग है? **महाभारत**
6. भगवद् गीता में कितने अध्याय हैं? **18 (अठारह)**
7. महाभारत के अध्यायों को क्या कहते हैं? **पर्व**
8. भगवद् गीता में श्लोकों की कुल संख्या कितनी है? **700 (सात सौ)**
9. भगवद् गीता में कौन–सा अध्याय सबसे बड़ा है? **18वाँ**
10. कृष्ण के विराट स्वरूप का वर्णन गीता के किस अध्याय में आता है? **ग्यारहवें में**
11. कौन ऋषि जन्मेजय को महाभारत की कथा सुनाते है? **वैशम्पायन**
12. महाभारत में श्लोकों की कुल संख्या कितनी है? **एक लाख**
13. भगवद् गीता महाभारत के किस पर्व में वर्णित है? **भीष्म पर्व**
14. युधिष्ठिर यक्ष सवांद महाभारत के किस पर्व में है? **वन पर्व में**
15. सावित्री और सत्यवान तथा किस पर्व में आती है? **वन पर्व में**
16. महाभारत में रामायण का वर्णन किस पर्व में है? **वन पर्व में**
17. नल दमयन्ती कथा महाभारत के किस पर्व में है? **वन पर्व में**
18. द्रौपदी के चीरहरण का वर्णन महाभारत के किस पर्व में है? **सभा पर्व में**
19. युधिष्ठिर के जुये के खेल का वर्णन किस पर्व में हैं? **सभा पर्व में**
20. पाण्डवों का द्रौपदी के साथ विवाह किस पर्व में वर्णित है? **आदि पर्व में**

21. लाक्षागृह का वर्णन महाभारत के किस पर्व में है? **आदि पर्व में**

22. इन्द्र का कर्ण से कवच एवं कुंडल मांगना किस पर्व में है? **वनपर्व में**

23. पाण्डवों के अज्ञातवास का वर्णन किस पर्व में है? **विराट पर्व में**

24. कीचक वध किस पर्व में है? **विराट पर्व में**

25. अभिमन्यु तथा उत्तरा के विवाह का वर्णन किस पर्व में है? **विराट पर्व में**

26. नहुष को इन्द्र पद प्राप्ति तथा पदच्युत होने का वर्णन किस पर्व में है? **उद्योग पर्व में**

27. विदुर नीति का वर्णन किस पर्व में है? **उद्योग पर्व में**

28. श्री कृष्ण ने कर्ण को युधिष्ठिर का बड़ा भाई कहकर पाण्डवों का युद्ध में साथ देने को कहा किन्तु उसने स्वीकार नहीं किया। यह वर्णन किस पर्व में है? **उद्योग पर्व में**

29. श्री कृष्ण दुर्योधन को पाण्डवों से मेल करके उन्हें आधा राज्य देने का आग्रह करने गए। दुर्योधन ने स्वीकार न कर उन्हें बन्दी बनाने का प्रयास किया। श्री कृष्ण ने उसका प्रयास असफल कर दिया। यह विवरण किस पर्व में है? **उद्योग पर्व में**

30. अर्जुन ने युधिष्ठिर को मारने के लिए तलवार उठाई। यह आख्यान महाभारत के किस पर्व में है? **कर्ण पर्व में**

31. अश्वत्थामा ने दुर्योधन से पाण्डवों के साथ संधि करने का प्रस्ताव किया। यह किस पर्व में वर्णित है? **कर्ण पर्व में**

32. पाराशर गीता का वर्णन किस पर्व में है? **शान्ति पर्व**

33. भीष्म पितामह के देह त्याग का वर्णन किस पर्व में है? **अनुशासन पर्व में**

34. भीष्म पितामह के माता–पिता का क्या नाम था? **गंगा- शान्तनु**

35. भीष्म पितामह का असली नाम क्या था? **देवव्रत**

36. महाभारत में युधिष्ठिर के अतिरिक्त किस और राजा के जुए में राजपाट हार जाने का वर्णन है? **राजा नल**

37. राजा नल किस प्रदेश के राजा थे? **निषध देश के**

38. राजा नल की रानी दमयन्ती किसकी पुत्री थी? **विदर्भ देश के राजा भीमक की**

39. राजा नल ने किससे जुए में अपना राजपाट हारा? **अपने भाई पुष्कर से**

40. वसुदेव की बहन कौन थी? **पृथा, राजा शूर सेन की पुत्री, उसका नाम कुन्ती भी था**

41. शान्तनु ने किस केवट कन्या से विवाह किया? **सत्यवती**

42. सती सावित्री के माता–पिता का नाम? **मालवी–अश्वपति**

43. सत्यवती के पुत्रों का नाम? **चित्रांगद व विचित्रवीर्य**

44. महाभारत के अनुसार किसने अपनी 7 संतानों को गंगा नदीं में डाल दिया था? **शान्तनु की पत्नी गंगा ने**

45. धृतराष्ट्र की माता का क्या नाम था? **अम्बिका**

46. पांडु की माता का नाम? **अम्बालिका**

47. भीष्म काशीराज की तीन राजकुमारियों का स्वयंवर स्थल से अपहरण कर लाए। उनमें से दो का विवाह विचित्रवीर्य से करा दिया। तीसरी राजकुमारी का नाम बताओ? **अम्बा**

48. कुंती किस की पत्नी थी? **पांडु**

49. कुंती का दूसरा नाम बताओ? **पृथा**

50. पांडु की दूसरी पत्नी का नाम? **माद्री**

51. माद्री किस प्रदेश की राजकुमारी थी? **मद्रदेश की**

52. भीष्म और द्रोणाचार्य को धनुर्विद्या किसने सिखाई? **परशुराम**

53. धृतराष्ट्र के पुत्रों को क्या नाम दिया गया था? **कौरव**

54. पांडु के पुत्रों को क्या नाम दिया गया था? **पांडव**

55. महाभारत के अनुसार किस ने विवाह के समय ही अपनी आंखों पर पट्टी बांध ली थी? **गांधारी**

56. गांधारी किस प्रदेश की राजकुमारी थी? **गांधार**

57. महाभारत में धर्म पुत्र किसे कहा गया है? **युधिष्ठिर**

58. कौरवों व पांडवों के शस्त्र गुरु का नाम बताओ? **द्रोणाचार्य**

59. गुरु की मूर्ति बना कर धनुर्विद्या का ज्ञान प्राप्त करने वाले भील का नाम बताओ? **एकलव्य**

60. महाराज धृतराष्ट्र ने किसको अपना मंत्री बनाया? **विदुर**

61. भगवान कृष्ण का जन्म कहाँ हुआ? **मथुरा**

62. कृष्ण के सारथि का क्या नाम था? **दारुक**

63. अर्जुन को प्रसिद्ध शंख ‘देवदत्त“ किसने उपहार में दिया? **मयासुर**

64. पाण्डवों के पुरोहित का नाम क्या था? **धौम्य ऋषि**

65. महाराज युधिष्ठिर ने अपनी राजधानी कहां बनायी? **इन्द्रप्रस्थ**

66. युधिष्ठिर के लिए अनोखा भवन बनाने वाले शिल्पी का नाम बताओ, जहां दुर्योधन भ्रम में पड़ गया था? **मयासुर**

67. कर्ण की जन्मदात्री माता का नाम बताइए? **कुन्ती**

68. पांडवों में सर्वप्रथम विवाह किसका हुआ? **भीम का हिडिम्बा के साथ**

69. द्रौपदी किस प्रदेश की राजकुमारी थी? **पांचाल**

70. द्रौपदी का जन्म का नाम क्या था? **कृष्णा**

71. अभिमन्यु की माता का क्या नाम था? **सुभद्रा**

72. एकचक्रा नगर में ब्राह्मण परिवार को बचाने के लिए भीम ने किस असुर का वध किया? **बकासुर**

73. द्रौपदी एवं धृष्टद्युम्न का जन्म कैसे हुआ? **यज्ञवेदी से**

74. अर्जुन की पत्नी चित्रांगदा किसकी पुत्री थी? **मणिपुर के राजा चित्रवाहन की**

75. अर्जुन की पत्नी उलूपी किसकी पुत्री थी? **कौरव्य नाग की**

76. अर्जुन को गांडीव धनुष एवं श्री कृष्ण को चक्र किसने दिया?
**अग्नि के कहने पर वरुण देव ने**

77. वनवास के समय पाण्डवों को अक्षय पात्र किसने दिया था? **सूर्य ने**

78. जुए में हारकर पाण्डवों को कितने वर्ष का वनवास मिला?
**12 वर्ष वनवास तथा 1 वर्ष अज्ञातवास**

79. पांडवों ने अपने अज्ञातवास का एक वर्ष कहां बिताया? **विराट नगर**

80. पाण्डवों के वनवास के समय कुन्ती कहां रही? **हस्तिनापुर में विदुर के पास**

81. वनवास के समय पाण्डवों के साथ कौन मुनि रहे? **धौम्य**

82. वनवास के दौरान अर्जुन को किससे शस्त्र–अस्त्र प्राप्त हुए? **शिव से पाशुपतास्त्र, यमराज से दण्ड, वरुण से वारुण पाश, कुबेर से अन्तर्धान**

83. पांडवों के अज्ञातवास के समय द्रौपदी का छद्म नाम क्या था? **सैरन्ध्री**

84. पांडवों के अज्ञातवास के समय युधिष्ठिर का छद्म नाम क्या था? **कंक**

85. पांडवों के अज्ञातवास के समय भीम का छद्म नाम क्या था? **बल्लव**

86. पांडवों के अज्ञातवास के समय अर्जुन का छद्म नाम क्या था? **बृहन्नला**

87. पांडवों के अज्ञातवास के समय सहदेव का छद्म नाम क्या था? **अरिष्ट नेमि**

88. पांडवों के अज्ञातवास के समय नकुल का छद्म नाम क्या था? **ग्रन्थिक**

89. अज्ञातवास के दौरान युधिष्ठिर क्या काम करते थे ?

**राजा विराट को पांसे खेलना सिखाते थे**

90. अज्ञातवास के दौरान भीम क्या काम करते थे ? **रसोईया थे**

91. अज्ञातवास के दौरान अर्जुन क्या काम करते थे ?

**नर्तकी बनकर नृत्य तथा गान सिखाते थे**

92. अज्ञातवास के दौरान नकुल क्या काम करते थे ? **अश्वपाल थे**

93. अज्ञातवास के दौरान सहदेव क्या काम करते थे ? **गोशाला अधीक्षक**

94. वनवास के दौरान अर्जुन ने किससे नाच–गाना सीखा **गन्धर्व चित्रसेन से**

95. कीचक कौन था ? **राजा विराट की पत्नी सुदेष्णा का भाई**

96. महाभारत युद्ध से पूर्व युधिष्ठिर ने आधा राज्य मिलने पर राजसूय यज्ञ का आयोजन किया। इस यज्ञ में दिग्विजय की खातिर कौन पाण्डव किस दिशा में गया ?

**भीम पूर्व, अर्जुन उत्तर, नकुल पश्चिम तथा सहदेव दक्षिण दिशा में**

97. राजसूय यज्ञ में श्री कृष्ण ने क्या जिम्मेदारी ली ?

**ब्राह्मणों के पांव पखारने का कार्य**

98. राजसूय यज्ञ में भोजन व्यवस्था की देख–रेख किसने की ? **दुःशासन**

99. राजसूय यज्ञ में सर्वश्रेष्ठ मेहमान का सत्कार किसे दिया गया ? **श्री कृष्ण को**

100. श्रीकृष्ण के शंख का क्या नाम था ? **पांचजन्य**

101. युधिष्ठिर के शंख का क्या नाम था ? **अनन्तविजय**

102. भीम के शंख का क्या नाम था ? **पौंड्र**

103. अर्जुन के शंख का नाम बताओ ? **देवदत्त**

104. नकुल के शंख का क्या नाम था ? **सुघोष**

105. सहदेव के शंख का क्या नाम था ? **मणिपुष्पक**

106. महाभारत का युद्ध कहां हुआ ? **कुरुक्षेत्र**

107. बलराम के अतिरिक्त तटस्थ रहने वाले योद्धा कौन थे ? **विदर्भराज रुक्मी**

108. माद्री का भाई, जो कौरवों की ओर से लड़ा ? **शल्य**

109. युयुत्सु कौन था ? **धृतराष्ट्र का पुत्र, जो पाण्डवों की ओर से लड़ा**

110. महाभारत युद्ध के द्वौरान कौरव सैना में कितने सेना अध्यक्ष बनाये गये?

**पाँच**

111. युद्ध में कौरवों का प्रथम सेनापति कौन था ? **भीष्म पितामह**

112. भीष्म कितने दिन सेनापति रहे? **10 दिन**

113. भीष्म के बाद कौरवों के सेनापति कौन बने? **द्रोणाचार्य**

114. शल्य कितने दिन सेनापति रहे? **1 दिन**

115. युद्ध में पाण्डवों का प्रथम सेनापति कौन था? **धृष्टद्युम्न**

116. चक्रव्यूह की रचना किसने की? **गुरु द्रोणाचार्य ने**

117. युद्ध के कौन से दिन चक्रव्यूह की रचना की गई? **तेरहवें दिन**

118. चक्रव्यूह की रचना वाले दिन अर्जुन कहां थे?

**सशप्तको के साथ युद्ध करने गए थे**

119. चक्रव्यूह में फंसने के बाद अभिमन्यु को कितने महारथियों ने मिलकर मारा? **छः**

120. महाभारत युद्ध में भीम पुत्र घटोत्कच कौरव सेना के किस योद्धा के हाथों वीरगति को प्राप्त हुआ? **कर्ण**

121. कर्ण ने अर्जुन का वध करने के लिए इन्द्र से शक्ति मांगी, किन्तु इसका प्रयोग किसको मारने के लिए हुआ? **घटोत्कच**

122. ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करने वाले दो योद्धा कौन थे? **अर्जुन व अश्वत्थामा**

123. युद्ध के अंत में अश्वत्थामा ने पाण्डव पक्ष पर किस महासंहारक अस्त्र का प्रयोग किया था? **ब्रह्मास्त्र**

124. भगवान शिव से कौन सा अस्त्र अर्जुन ने प्राप्त किया? **पाशुपतास्त्र**

125. महाभारत युद्ध के कौन से दिन कृष्ण अपनी प्रतिज्ञा तोड़कर चक्र उठाकर भीष्म को मारने दौड़े? **तीसरे दिन**

126. भगवान कृष्ण को महाभारत युद्ध में शस्त्र न उठाने की प्रतिज्ञा से किसने विचलित किया? **भीष्म पितामह ने**

127. भीष्म पितामह कितने दिन तक शरशैय्या पर पड़े रहे? **58 दिन**

128. विराट तथा द्रुपद का वध किसने किया? **द्रोणाचार्य ने**

129. जरासन्ध किस प्रदेश का राजा था? **मगध**

130. जरासन्ध ने कितने राजाओं को कैद कर रखा था? **86**

131. जरासन्ध व भीम का मल्लयुद्ध कितने दिन चला? **14 दिन**

132. किसने जरासंध का वध किया था? **भीम**

133. अश्वथामा नामक हाथी किस का था? **मालवा के राजा इन्द्र वर्मन का**

134. अश्वत्थामा हाथी को किसने मारा? **भीम ने**

135 सर्वप्रथम अश्वत्थामा मारे जाने की घोषणा किसने की? **भीम ने**

136. द्रोणाचार्य किसके हाथों मारे गए ? **धृष्टद्युम्न**

137. द्रोणाचार्य ने कितने दिन सेनापति का भार संभाला ? **पांच दिन**

138. द्रोणाचार्य के बाद कौरवों का सेनापति कौन बना ? **कर्ण**

139. अर्जुन के पुत्र इरावान का वध किसके हाथों हुआ ? **अलम्बुश द्वारा**

140. दुर्योधन के पुत्र का नाम ? **लक्ष्मण**

141. दुर्योधन के पुत्र लक्ष्मण का वध किसने किया ? **अभिमन्यु ने**

142. युद्ध में भीम ने किसकी भुजाएं तोड़कर प्रतिज्ञा पूरी की ? **दु:शासन**

143. दु:शासन का वध किसने किया ? **भीम ने**

144. युद्ध के कौन से दिन कर्ण की मृत्यु हुई ? **सत्रहवें दिन**

145. कृपाचार्य द्वारा दुर्योधन को संधि करने की सलाह कब दी गई ?
**कर्ण की मृत्यु के बाद**

146. कर्ण का वध किसके हाथों हुआ ? **अर्जुन के द्वारा**

147. द्रौपदी के पांचों पुत्रों का वध किसने किया ?
**अश्वत्थामा ने तलवार से काट डाला**

148. धृष्टद्युम्न, उत्तमौजा और युधामन्यु का वध किसके हाथों हुआ ?
**अश्वत्थामा ने तीनों को पीट-पीट कर मार डाला**

149. कर्ण के निधन के बाद कौरव सेना की कमान किसने संभाली? **शल्य ने**

150. शकुनि के पुत्र उलूक का वध किसने किया ? **सहदेव ने**

151. शकुनि का वध किसने किया ? **सहदेव ने**

152. शकुनि का वध युद्ध के कौन से दिन हुआ ? **18वें दिन**

153. शल्य का वध किसके हाथों हुआ ? **युधिष्ठिर के द्वारा**

154. शल्य की मृत्यु के बाद दुर्योधन ने क्या किया ?
**वह भाग कर एक सरोवर में छिप गया। वहां पाण्डवों ने उसका पीछा किया और युद्ध के लिए ललकारा। किसी एक व्यक्ति के साथ लड़ने का वादा लेने के बाद वह सरोवर से निकला। भीम के साथ युद्ध में मारा गया।**

155. महाभारत युद्ध के पश्चात् पाण्डवों की ओर से कौन-कौन जीवित बचे ?
**पांचों पाण्डव, श्री कृष्ण तथा सात्यकि**

156. महाभारत युद्ध के पश्चात् कौरवों की ओर से कौन-कौन योद्धा जीवित बचे ?
**कृपाचार्य, कृत्तवर्मा, अश्वत्थामा तथा युयुत्सु, विदुर एवं संजय**
**( अंतिम तीन यद्ध नहीं लडे थे )**

157. महाभारत युद्ध की समाप्ति पर अर्जुन और श्री कृष्ण के रथ से उतरते ही क्या घटना घटी? **रथ धू-धूकर जल उठा और पूरी तरह भस्म हो गया**

158. युद्ध के बाद व्यास जी ने युधिष्ठिर से प्रायश्चित रूप से क्या करने को कहा? **अश्वमेघ यज्ञ करने को**

159. अश्वमेघ यज्ञ न करा सकने की युधिष्ठिर ने क्या आपत्ति की? **धनाभाव, खजानाखाली**

160. युधिष्ठिर ने राज्य प्राप्ति के बाद किस को युवराज घोषित किया? **भीमसेन**

161. युधिष्ठिर ने राज्य प्राप्ति के बाद किस को मंत्री घोषित किया? **विदुर**

162. युधिष्ठिर ने राज्य प्राप्ति के बाद खजाने का भार किस को सोंपा? **संजय**

163 युधिष्ठिर ने राज्य प्राप्ति के बाद सेना के देखभाल का भार किस को दिया? **नकुल**

164. शत्रुओं पर आक्रमण तथा बचाव की जिम्मेदारी किस को दी? **अर्जुन**

165. अभिमन्यु के पुत्र का नाम? **परीक्षित**

166. युद्ध में विजयी होने पर पाण्डवों ने कौन-सा यज्ञ किया? **अश्वमेध यज्ञ**

167. अश्वमेघ यज्ञ में घोड़े के पीछे रक्षा के लिए कौन पाण्डव गया? **अर्जुन**

168. महाभारत युद्ध के पश्चात् कितने वर्षों तक धृतराष्ट्र, गांधारी एवं कुन्ती युधिष्ठिर के राज्य में रहे? **15 वर्ष**

169. 15 वर्ष बाद धृतराष्ट्र ने क्या किया? **गांधारी एवं कुन्ती के साथ वन गमन**

170. वन गमन के पश्चात् कितने दिन जीवित रहे? **तीन वर्ष, दावानल में जल मरे**

171. श्री कृष्ण कुल का विनाश युद्ध के कितने वर्ष बाद हुआ? **36 वर्ष बाद**

172. बलराम जी का अन्त कैसे हुआ? **समाधि लेकर स्वर्ग गए**

173. युद्ध में पाण्डवों व कौरवों की सेनाओं का क्या अनुपात था? **7:11**

174. महाभारत युद्ध में कौरव पक्ष के कुल कितने सेनापति बने? **पांच**

175. महाभारत के युद्ध का धृतराष्ट्र को वर्णन किसने किया? **संजय**

176. जरासन्ध का वध किसने किया? **भीम ने**

177. दुर्योधन तथा भीम में कौन पहले पैदा हुए? **दोनों एक ही दिन पैदा हुए**

178. शिशुपाल किस प्रदेश का राजा था? **चेदि राज्य का**

179. अर्जुन का शिव जी से युद्ध क्यों हुआ? **शिव जी ने अर्जुन की परीक्षा ली थी**

180. कौरवों की एकमात्र बहन दुःशला का विवाह किस से हुआ? **जयद्रथ**

181. एकलव्य के पिता का नाम? **हिरण्यधनु**

182. वारणावत में पांडवों को जलाकर मारने के उद्देश्य से लाक्षागृह किसने बनाया? **दुर्योधन के मन्त्री पुरोचन ने**

183. कर्ण का बचपन का नाम? **वसुषेण**

184. अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा किस की पुत्री थी? **विराट की**

185. कर्ण के धनुष का नाम? **विजय**

---

This is the ancient land, where wisdom made its home before it went into any other country... Here is the same India whose soil has been trodden by the feet of the greatest sages that ever lived... Look back, therefore. as fas as you can, drink deep of the eternal fountains that are behind, and after that look forward, march forward, and make India brighter, greater, much higher, than she ever was.

**Swami Vivekananda**

We believe not only in universal toleration, but we accept all religions as true. I am proud to belong to a country which has sheltered the persecuted and the refugees of all religions and all countries of the earth.

**Swami Vivekananda**